FIROZABAD POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

## सराहनीय कार्य दिनांक 20.05.23 थाना मक्खनपुर ।

## थाना मक्खनपुर पुलिस टीम द्वारा ग्राम अरमराजट्ट मे दिनांक 06/07-05-2023 की रात्रि हुई एक युवक की निर्मम हत्या का सफल अनावरण करते हुए 02 अभियुक्तगणों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के कुशल निर्देशन, एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के मार्गदशर्न में तथा क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के पर्यवेक्षण में थाना मक्खनपुर पुलिस टीम द्वारा ग्राम अरमराजट्ट मे दिनांक 06/07-05-2023 की रात्रि हुई 25 वर्षीय युवक ललित की निर्मम हत्या का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तगण 1. हीरालाल उर्फ छकौडी पुत्र स्व0 लाखन सिहं 2.रंजीत पुत्र हीरालाल उर्फ छकौडी निवासीगण ग्राम अरमराजट्ट थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद सम्बंधित मु0अ0सं0 139/2023 धारा 302 भादवि, को चमरौली चौराहा शहीद गेट के पास से आज दिनांक 20.05.23 को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त मे अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है तथा अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय के समक्ष समय से पेश किया जायेगा।

**घटना का विवरण-**

दिनांक 06/07.05.2023 की रात्रि मे ग्राम अरमराजट्ट मे नव निर्मित मकान के अन्दर 25 वर्षीय युवक ललित की अज्ञात अभियुक्तगण द्वारा ईंट से सिर व चेहरे पर प्रहार कर तथा ब्लेड से गला काट कर निर्मम हत्या कर दी गयी थी जिसके सम्बंध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 139/23 धारा 302 भादवि पंजीकृत किया गया। उक्त घटना के सफल अनावरण हेतु उच्चाधिकारीगण के निर्देशन मे मक्खनपुर पुलिस टीम द्वारा पतारसी सुरागरसी व इलेक्ट्रानिक साक्ष्यो से घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना मे संलिप्त अभियुक्तगण 1.हीरालाल उर्फ छकौडी पुत्र स्व0 लाखन सिहं निवासी ग्राम अरमराजट्ट थाना मक्खनपुर जिला फिरोजाबाद 2.रंजीत पुत्र हीरालाल उर्फ छकौडी नि0वासी ग्राम अरमराजट्ट थाना मक्खनपुर जिला फिरोजावाद को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण उपरोक्त ने पूंछताछ पर बताया कि मृतक ललित द्वारा पूर्व मे उनके व उनके परिवार के साथ मारपीट कर दी थी जिससे उनके परिवार के वालेश्वर को गंभीर चोटे आयी थी तथा वालेश्वर के इलाज मे विपक्षीगण का काफी पैसा खर्च हो गया था। इलाज मे खर्च रूपयो की विपक्षीगण मृतक से मांग करते थे तथा मृतक द्वारा विपक्षी से ली गयी जमीन का पैसा न देने के कारण, ललित पुत्र स्व0 वीरेन्द्र सिंह नि0 अरमराजट्ट थाना मक्खनपुर फिरोजाबाद की हत्या कर देना कबूल किया।

**नाम पता गिरफ्तार शुदा अभियुक्त -**

1.हीरालाल उर्फ छकौडी पुत्र स्व0 लाखन सिहं निवासी ग्राम अरमराजट्ट थाना मक्खनपुर जिला फिरोजाबाद ।

2.रंजीत पुत्र हीरालाल उर्फ छकौडी नि0वासी ग्राम अरमराजट्ट थाना मक्खनपुर जिला फिरोजाबाद।

**अपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 139/23 धारा 302 भादवि थाना मक्खनपुर फिरोजाबाद।

**नाम-पता मृतक**

1.मृतक ललित पुत्र स्व0 वीरेन्द्र सिंह नि0 अरमराजट्ट थाना मक्खनपुर फिरोजाबाद उम्र 25 वर्ष।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-**

1. प्र0नि0 बैजनाथ सिंह थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।
2. का0 523 धर्मवीर सिंह 3-का0 425 मनवीर सिंह तोमर 4-का0 1011 मनोज कुमार।